भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 653

जिसका उत्तर 22.07.2021 को दिया जाना है

ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

653. श्री रमेश चन्द्र माझी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओडिशा के मलकानगिरी जिले में विजयवाड़ा-रांची गलियारे और रायपुर से विशाखापत्तनम आर्थिक गलियारे में मोटू से मैथिली खंड पर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण क लिए तकनीकी/वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) इस संबंध में भूमि अधिग्रहण सहित अन्य संबंधित कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इन परियोजनाओं को एक निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) विजयवाड़ा-रांची गलियारा के तहत ओडिशा के मलकानगिरी जिले में 141.444 किमी के रारा-326 के मोटू से मैथिली खंड में, 327/700 किमी से 413/700 किमी (42.70 किमी) खंड को चौड़ा करने का कार्य हाल ही में दिसंबर, 2019 में पूरा किया गया है, किमी 413/700 से किमी 429/700 (16 किमी) तक सुदृढ़ीकरण कार्य को मंजूरी दी गई है और मौजूदा दो लेन के किमी 429/700 से किमी 475/900 (46.200 किमी) का आवधिक नवीनीकरण कार्य शुरू हो गया है। मौजूदा 2 लेन के 475/900 किमी से 512/444 किमी (36.544 किमी) तक सुदृढ़ करना वार्षिक योजना 2021-22 में शामिल है। रारा-130सीडी पर रायपुर से विशाखापत्तनम आर्थिक गलियारा 464 किमी का है, जिसमें से 240 किमी ओडिशा में है। 240 किमी में से 124 किमी की लंबाई 2869 करोड़ रुपये की लागत से आज तक स्वीकृत की गई है। भूमि अधिग्रहण और वन मंजूरी अंतिम चरण में है। पर्यावरणीय मंजूरी मिल गई है। गलियारे के विकास के सभी चरणों को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए एनएचएआई द्वारा बारीकी से निगरानी की जा रही है।

*****